अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 4 अगस्त 2025
श्रावण शुक्ल-दशमी
विक्रम संवत-2082


PAGE NO.7: TOP

# गायन-वादन के साथ 'सूफी स्कोर' में झूमे श्रोता



रिद्धिमा सभागार में प्रस्तुति देते कलाकार। स्रोत : संस्था

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम गायन वादन के साथ 'सूफी स्कोर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायन और वाद्ययंत्रों के गुरुओं संग विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सूफी स्कोर का आरंभ वादन गुरुओं ने किया। इसमें सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), सूरज पांडेय (बांसुरी), अमरनाथ (तबला), अनुग्रह सिंह (ड्रम), विशेष सिंह (गिटार), प्रयाग श्रीवास्तव (सितार), ऋषभ आशीष पाठक (ढोलक), रॉनी फिलिप्स (सैक्सोफोन) और अभिनव (की-बोर्ड) ने अपने वाद्ययंत्रों के मधुर स्वर बिखेर दिए। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने फिल्म हीरो के प्रसिद्ध गाने- लंबी जुदाई... को अपनी आवाज में प्रस्तुत किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, गुरु मेहरोत्रा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे। संवाद